>

Title: Regarding need to extend services of various express trains from Gopalganj to Delhi.

डॉ. आलोक कुमार सुमन (गोपालगंज): अध्यक्ष जी, रेलवे लाइन देश की लाइफ लाइन होती है और पूरे देश को एक सूत्र में बांधती है । मेरा संसदीय क्षेत्र गोपालगंज है, जिसकी आबादी लगभग 26 लाख है । यहां 'थावे' एक ऐतिहासिक मंदिर है, जो पर्यटन के रूप में भी विकसित है । इस मंदिर एवं जिले के निवासियों के लिए थावे, गोपालगंज जंक्शन है, जहां बड़ी लाइन का इलेक्ट्रिफिकेशन भी हो चुका है । मेरे संसदीय क्षेत्र थावे, गोपालगंज से कोई भी ट्रेन महानगरों के लिए नहीं है । मेरे संसदीय क्षेत्र के निवासियों को 120 किलोमीटर की दूरी तय करके गोरखपुर से या दूसरे जिलों में जाकर ट्रेन पकड़नी पड़ती है । मैं बताना चाहता हूं कि मेरे जिले में विदेशी मुद्रा का आगमन बिहार में लगभग सबसे ज्यादा है एवं ट्रेन के लिए कमर्शियल फीजीबिलटी भी है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि 12555 और 12556 गोरखधाम एक्सप्रेस एवं 12571 और 12572 हमसफर एक्सप्रेस को गोरखपुर से गोपालगंज थावे होते हुए छपरा तक बढ़ा दिया जाए अथवा 12553 और 12554 वैशाली एक्सप्रेस, 12523-12524 नई दिल्ली जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस, 22412 और 22413 अरुणाचल एक्सप्रेस, 12203-12204 गरीब रथ एक्सप्रेस, 12565 और 12566 बिहार सम्पर्क क्रांति एक्सप्रेस आदि ट्रेनों में से कुछ ट्रेनों को छपरा से डायवर्ट करके थावे गोपालगंज गोरखपुर होते हुए दिल्ली के लिए कर दिया जाए तथा इंटरसिटी थावे गोपालगंज से पटना के लिए चलाई जाए । इससे हमारे क्षेत्र के लोगों को लम्बी दूरी की ट्रेन मिल सके ।

माननीय अध्यक्ष : श्री सी.पी. जोशी और श्री कुलदीप राय शर्मा को डॉ. आलोक कुमार सुमन द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, दुनिया आज कोरोना वायरस के संकट से जूझ रही है । भारत भी सभी संभव प्रयास कर रहा है । कल देश के प्रधान मंत्री ने जनता के साथ संवाद किया । उन्होंने डरने के बजाय, भय के बजाय सावधानी बरतने की अपील देश की जनता से की, ताकि जनता का विश्वास बना रहे । कोरोना के संकट से बचने के अनेक उपाय और कार्यक्रम उन्होंने बताए । रविवार 22 मार्च को 'जनता कर्फ्यू' का पालन करने की अपील भी सभी देशवासियों से की है । यह सभा सरकार और माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा देश को दिए गए संबोधन के संकल्प के साथ है । सभी दलों ने भी इसमें सहमति व्यक्त की है । यही भारत का लोकतंत्र है कि संकट के समय पूरा देश एक साथ मिलकर ऐसी बीमारियों से या संकट से लड़ता है । मैं इसके लिए माननीय प्रधान मंत्री जी और सभी दलों के नेताओं को बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं ।

प्रो. सौगत राय : अध्यक्ष जी, यह बहुत अच्छा हुआ कि आपने चेयर से कोरोना वायरस के विषय पर कहा है ।